सकल ब्राह्मण महासमिति के नव संवत्सर मिलन में उमड़े ब्रह्मबंधु

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22मार्च। सकल ब्राह्मण महासमिति के तत्वावधान में सनातन धर्म मंदिर में सनातन धर्म मंदिर मे रविवार को ब्राह्मण समागम नव संवत्सर मिलन एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरूवात गणेश वंदना एवं माँ दुर्गा जी की स्तुति नृत्य के साथ की गयी कार्यक्रम मे समिति के द्वारा धर्मेंद्र - इन्दु का बिना दहेज के पुनर्विवाह पर पंडित गिरिराज गुरुजी, पंडित रमाकांत शास्त्री, पंडित चंद्रशेखर शास्त्री, पंडित प्रमोद वित्थारिया, पंडित ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण से विवाह प्रमाणपत्र आशीर्वाद समारोह में अतिथियों द्वारा भेंट किया गया। माता पिता के पुनर्विवाह आशीर्वाद समारोह में बेटा बेटी ने रक्षा सूत्र बांधा, नाचते हुए खुशियां मनाई, फूलों की वर्षा महिलाओं ने की। महासमिति के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज ने संकल्प दिलाया कि निशुल्क सामूहिक विवाह, श्री परशुराम पालकी, परिचय सम्मेलन, बुजुर्गों की धार्मिक यात्रा, हैल्थ कैंप, सनातन संस्कृति धर्म शिक्षा कैंप लगाएंगे। डॉ केशव पांडेय, सुरेंद्र शर्मा पूर्व सरपंच, कौशल शर्मा डबरा, राधेश्याम शर्मा गुना, पंडित चंद्रशेखर शर्मा, ने ब्राह्मण समागम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर में ही नहीं पूरे प्रदेश में जनहित में कार्यरत हैं। महासमिति सामूहिक विवाह सम्मेलन से दहेज प्रथा एवं फिजूल खर्च पर रोक लगाने मे सहायक है। और जो भी व्यय होता है वो समिति के सभी सदस्य मिलकर करते है अभी समिति मे 45 सदस्य है जिसमें 30 सदस्य निरन्तर कार्य करते है किसी भी अन्य व्यक्ती से कोई भी चंदा नहीं लिया जाता है 7

अक्षय तृतीय पर सकल ब्राह्मण महासमिति के द्वारा 7 जोड़ो का विवाह कराया जाएगा जिसमें सभी नवदंपति जोड़ों की श्री राम मंदिर से बारात निकाली जाएगी जो सनातन धर्म मंदिर पर समाप्त होगी ।

सर्व ब्राह्मण समाज को एकजुट होने की जरूरत

ग्वालियर में ब्राह्मण समाज ब्राह्मण समाज के कई छोटे-बड़े और उप-जातीय संगठन सक्रिय हैं, जिनमें सकल ब्राह्मण समाज, ब्राह्मण सभा, और जिझौतिया ब्राह्मण समाज जैसे प्रमुख संगठन शामिल हैं। इन संगठनों द्वारा समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक मुद्दों पर सम्मेलन व प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं। लेकिन किसी किसी भी ब्राह्मण समाज के सामाजिक मुद्दे पर हर संगठन अपने-अपने तरीके से बात रखता है प्रदर्शन करता है लेकिन किसी भी मुद्दे पर सभी संगठन एक नहीं होते हैं यही कारण है कि जिले में ब्राह्मण समाज की एकजुटता दिखाई नहीं दे पाती है ग्वालियर में लगभग 5 लाख ब्राह्मण समाज के लोग निवासरत हैं लेकिन जब कोई कार्यक्रम ब्राह्मण समाज का होता है तो सभी संगठन अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम करते हैं यही कारण है कि ब्राह्मण समाज आज के समय में कमजोर वर्ग बनता चला जा रहा है जिसका मुख्य कारण संगठनों मे एकजुटता नहीं है

टमटम में महिला के पर्स से हीरे की अंगूठी चोरी

आरोपी महिला गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22मार्च। टमटम (ई-रिक्शा) में सफर कर रही महिला के पर्स से करीब 3 लाख रुपये कीमत की दो हीरे की अंगूठियां चोरी करने वाली शातिर महिला चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई 3 लाख रुपये कीमत की 2 हीरे की अंगूठियां बरामद कर ली है।

बातों में उलझाकर की थी चोरी

घटना 8 मार्च की है, जब फरियादिया श्रीमती छाया यादव अपनी परिजनों के साथ टमटम से सराफा बाजार जा रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात महिला, जिसने मुंह ढका हुआ था, टमटम में बैठी और बातों में उलझाकर पर्स से हीरे की अंगूठियां निकाल लीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज

और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की।

प्लेटफॉर्म नंबर 4 के बाहर से हुई गिरफ्तारी पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध महिला करीना मोगिया (20 वर्ष), निवासी मुरैना को रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 के पास से पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। कार्रवाई में सीएसपी इन्दरगंज रोबिन जैन और थाना प्रभारी पड़ाव निरीक्षक शैलेन्द्र भार्गव की मुख्य भूमिका रही।

पूजा करके वापस आ रही महिला से चेन लूटी

ग्वालियर। मुरार थाना क्षेत्र के नारकोटिक्स विभाग के ऑफिस के पास स्थित गणेश मंदिर से पूजा करके घर वापस जा रही महिला के गले से बाइक सवार लुटेरा सोने की चेन खींचकर भाग गया। चेन छिनते ही महिला ने शोर मचाया, लेकिन तब तक लुटेरा गलियों में गायब हो चुका था। सोने की चेन का वजन करीब डेढ़ तोला बताया गया है, जिसकी कीमत ढाई लाख रुपए है। पुलिस ने अज्ञात लुटेरे के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। नीता कुशवाह पत्नी गणेश सिंह कुशवाह निवासी गणेश कॉलोनी मुरार नारकोटिक्स विभाग के ऑफिस के पास रहती हैं। घर के पास में ही मंदिर बना हुआ है। नवरात्रि का पर्व चल रहा है, इसलिए नीता कुशवाह मंदिर में जल चढ़ाने और पूजा करने गई थीं। पूजा करके वह गली के अंदर से घर वापस जा रही थीं, उसी समय काले रंग की बाइक जो बिना नंबर की थी, उस पर एक युवक बैठा हुआ था। नीता कुशवाह ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया और जैसे ही वह आगे बढ़ीं वैसे ही बाइक सवार लुटेरे ने सामने की तरफ से गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन लूट कर भाग गया। गले से चेन लूटने के बाद लुटेरा गलियों से होता हुआ भाग गया।

श्रीमद् भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22 मार्च। श्रीमद् भागवत कथा के लिए आज सुबह 10 बजे मातावाली गली तानसेन नगर से भव्य कलश यात्रा गाजे- बाजे के साथ निकाली गई । भव्य कलश यात्रा में कथा व्यास पंडित शुभम अग्निहोत्री मथुरा वृंदावन वाले रथ पर सवार रहे । कलश यात्रा का जगह - जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । कलश यात्रा माता के मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल सहयोग गार्डन रमटापुरा पहुंची जहां कलश स्थापना की गई । इससे पहले माता के मंदिर में पूजा - अर्चना के साथ श्रीमद् भागवत पोथी का पूजन किया गया । कथा के मुख्य यजमान रमेश चंद्र गुप्ता एवं सुमन गुप्ता हैं। उन्होंने बताया कि आज शिव-पार्वती विवाह , 24 मार्च को प्रहलाद चरित्र , ध्रुव चरित्र एवं वामन अवतार , 25 मार्च को श्री रामजन्म एवं श्री कृष्ण जन्म, 26 मार्च को श्रीकृष्ण बाल लीलाएं एवं गोवर्धन पूजा , 27 मार्च को उ द्धव एवं रूक्मणी विवाह, 28 मार्च को सुदामा चरित्र एवं भागवत पूजन, 29 मार्च को भजन संध्या एवं 30 मार्च को पूर्ण आहूति होगी। श्री गुप्ता ने सभी धर्म प्रेमियों से कथा लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

रक्तदान महायज्ञ शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रहित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22मार्च। परोपकाराय पुण्याय, पापाय परपीड़नम् के ध्येय वाक्य के साथ माथुर वैश्य इंटरनेशनल लश्कर क्लब, ग्वालियर ने रविवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आनंद नगर स्थित समर्थ बाल मंदिर स्कूल में आयोजित इस 'रक्तदान महायज्ञ' में 52 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्त का हर कण अमूल्य है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी विजय गुप्ता ने रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ 'जीवनदान' बताया। कार्यक्रम में जेएएच अस्पताल की ब्लड बैंक टीम, अतिथियों और सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. राकेश बघेल, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक गुप्ता, इंजीनियर एस.एन. गुप्ता सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक और समाजसेवी उपस्थित रहे। क्लब के अध्यक्ष एम.वी. राकेश गुप्ता, सचिव विनीत गुप्ता, विक्की गुप्ता और राम मोहन गुप्ता सहित पूरी टीम ने व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप गुप्ता 'समर्पण' द्वारा किया गया।

दिव्या ने पहले प्रयास में गेट किया क्वालीफाई

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 22 मार्च। दृढ़ संकल्प और कड़े परिश्रम के बल पर ग्वालियर की बेटी दिव्या सिंह यादव ने राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा गेट-2026 में सफलता हासिल की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बीटेक अंतिम वर्ष की छात्रा दिव्या ने अपने पहले ही प्रयास में 269 स्कोर प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर अपनी मेधा का परिचय दिया है।

दिव्या की यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि वह वर्तमान में गुरुग्राम स्थित 'फ्रैंकफिन एविएशन' कंपनी के आईटी विभाग में बतौर इंजीनियर कार्यरत हैं। नौकरी की जिम्मेदारियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए निरंतर अभ्यास और

लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। उनकी इस उपलब्धि से एस.आर. आई.टी. महाविद्यालय (मुरैना) और ग्वालियर शहर में हर्ष का माहौल है। अपने माता-पिता की इकलौती संतान दिव्या बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि रही हैं। तकनीकी क्षेत्र के अलावा साहित्य और मीडिया में भी उनकी गहरी रुचि है। फोटोशॉप, कोरल ड्रॉ और एमएस वर्ड जैसे सॉफ्टवेयर्स पर उनकी विशेष दक्षता है। नवभारत से चर्चा में दिव्या ने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। भविष्य की योजना एआई क्षेत्र में देश की सेवा करना, भविष्य में दिव्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर देश और समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहती हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **अनीता शर्मा (Anita Sharma) पत्नी श्री रमाकांत त्रिपाठी** नि. कन्या स्कूल के पास, जड़ेरुआकला, पिंटो पार्क, ग्वालियर (म.प्र.) शपथ करती हूं कि मेरी 10वी की अंकसूची में मेरा नाम **अनीता कुमारी शर्मा (Anita Kumari Sharma)** दर्ज है, जबकि मुझ शपथकर्ता के सभी दस्तावेजों में मेरा नाम **Anita Sharma** अंकित है जो कि सत्य व सही है। यह कि, वर्तमान में मुझ शपथकर्ता को **Anita Sharma** के नाम से ही जाना-पहचाना जाता है, आमजन सूचित हो। यह कि मुझ शपथकर्ता के नाम की सत्यता में शपथ पत्र क्र. **DC** 581905 दिनांक 21/03/2026 प्रस्तुत है।

सिंधी साहित्य अकादमी के डायरेक्टर को फोन पर मिली धमकी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22मार्च। संस्कृति मंत्रालय के सिंधी साहित्य अकादमी के डायरेक्टर को जान से मारने की धमकी दी गई है। फोन करने वाले ने 20 मार्च को आधी रात को उन्हें फोन पर धमकी दी कि हिसाब कर दो नहीं तो फिर तुम्हारा हिसाब कर दिया जाएगा। फोन

पर रुपए मांगने और धमकी देने की बात उन्होंने अपने दोस्तों को बताई तो पता चला कि दोस्तों को भी धमकी दी गई है। सिंधी साहित्य अकादमी के डायरेक्टर राजेश वाधवानी शनिवार को एसएसपी धर्मवीर सिंह से मिले और पूरा वाक्या बताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी धर्मवीर सिंह ने तत्काल माधौगंज थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि मामला कायम कर तत्परता से जांच की जाए। फोन करने वाले के खिलाफ मामला कायम कर तलाश शुरु कर दी है ।

लापता बालक दिल्ली में मिला

ग्वालियर। घर से नाराज होकर गए 14 वर्षीय नाबालिग बालक को पुलिस ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित बाल सहयोग संस्था से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। ग्राम आरोन निवासी एक बालक घर के पीछे पहाड़िया पर क्रिकेट मैच देखने की बात कहकर निकला और वापस नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर थाना आरोन में अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मुखबिर तंत्र के जरिए सूचना मिली कि बालक दिल्ली में एक संस्था के पास सुरक्षित है। अपने बच्चे को वापस पाकर परिजनों ने आभार व्यक्त किया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की पॉलिसी क्रमांक 203450708 लेते समय मेरा नाम **रामेश्वर रावत पुत्र श्री मूलचंद रावत** त्रुटिवश दर्ज हो गया था जबकि मेरा सही नाम मेरे पहचान पत्र आधार कार्ड, बैंक एवं अन्य दस्तावेजों में विद्यासागर रावत पुत्र मूला रावत है। जो सत्य व सही है। यही सही नाम मुझे अपनी LIC पॉलिसी में संशोधन कर दर्ज कराना है। इस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। अत: भविष्य में मुझे **विद्यासागर रावत** के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

सूचनाकर्ता
विद्यासागर रावत पुत्र श्री मूला रावत
पता - ग्राम- टर्रा खुर्द, पोस्ट- टर्रा कलां, तहसील- विजयपुर, जिला- श्योपुर, म.प्र

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय भू-खण्ड जिसका क्षेत्रफल 869.5 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 130 राजस्व ग्राम भगुआपुरा पटवारी हल्का कमांक 33 भाग होकर ग्राम भगुआपुरा, तहसील सेवड़ा, जिला दतिया, म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्सीमा निम्न है :- पूर्व में आम रास्ता, पश्चिम में खैरोनिया की भूमि, उत्तर में -खैरोनिया की भूमि, दक्षिण में गिरजा देवी का प्लॉट स्थित है, उक्त संपति को आवेदिका श्रीमती अर्चना जाटव पत्नी श्री अविनाश जाटव निवासी 53, ग्राम धरमपुरा, पोस्ट बड़ोखरी, तहसील सेवड़ा, जिला दतिया, म.प्र. ने सम्पति श्री राजेश सिंह परिहार पुत्र श्री मान सिंह परिहार निवासी रामपुराखुर्द, सेवड़ा, तहसील एवं जिला दतिया, म.प्र. से जरिये पंजीकृत विकय-पत्र ई-पंजीयन कमांक MP22IGR17192026A100008463 से दिनांक 05/01/2026 को कयकर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, सर्वे कमांक 130 क्षेत्रफल 0.26 हेक्टेयर राजस्व ग्राम भगुआपुरा की भूमि को विक्रेता श्री राजेश सिंह परिहार अन्य सह-स्वामी श्री प्रथम राठौर के साथ संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करता था तथा उसके द्वारा अपने भाग की भूमि से आवेदिका के पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन किया गया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात विक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक/रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।

दिनांक : 22/03/2026.

पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय -44, कैलाश विहार, सिटी सेंटर, ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म.प्र.), कार्या. समय प्रात: 11.00 से सांय 05.00 तक

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जानकी बाई पत्नी श्री हुकम सिंह की एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. 65, पटवारी हल्का नंबर 01, ग्राम सिंधारन, तहसील भितरवार व जिला ग्वालियर म.प्र. के सर्वे क्र. 337 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः - पूर्व में- खेत हुकम, पश्चिम में- खेत हुकम, उत्तर में- पक्का रोड, दक्षिण में- खेत हुकम व कुल क्षेत्रफल 2798.617 वर्ग फुट हैं। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान मान सिंह, जन्देल सिंह व जगदीश सिंह पुत्रगण श्री उत्तम सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों मे विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात, उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान मान सिंह पुत्र श्री उत्तम सिंह द्वारा श्रीमान हुकम सिंह पुत्र श्री छितरिया को ई- रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP14262202 3A 11995354 व दिनांक 15.06.2023 से विक्रय की गई। तदानुसार उक्त संपत्ति के अंश भाग में से श्री हुकम सिंह पुत्र श्री छितरिया द्वारा श्रीमती जानकी बाई पत्नी श्री हुकम सिंह को ई- रजिस्टर्ड सह-स्वामित्व विलेख दस्तावेज क्र. MP21IGR17382026A100225713 व दिनांक 25.02.2026 से सह-स्वामित्व की गई। अत: उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होंगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 22.03.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल ग्वालियर

क्रमांक/राजस्व/2026 ग्वालियर, दिनांक/02/2026

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रसारित किया जाता है। कि श्री गुरुदेव सिंह पुत्र श्री धन्ना सिंह निवासी रायरु फार्म ग्वालियर (म.प्र.) के नाम दर्ज आरामशीन को अपने पौत्र श्री कृपाल सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी रायरु फार्म ग्वालियर (म.प्र.) के नाम पूर्व के स्थापित स्थल पर ही नामांतरण करने हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है। उक्त आरामशीन का नामांतरण करने के संबंध में यदि किसी भी वारिसदार को कोइ आपत्ति है अथवा आरामशीन की वसीयत बनाई गई हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपना लिखित आवेदन पत्र सुसंगत अभिलेख के साथ कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल ग्वालियर को प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि उपरांत कोई भी प्राप्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

वनमंडलाधिकारी
वनमंडल सामान्य ग्वालियर

अच्छे मानसून के लिए होती है माता आसमानी की पूजा

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर,22मार्च। मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी ग्वालियर अपनी अनूठी परंपराओं के लिए जानी जाती है। जहाँ देश के अन्य हिस्सों में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए आधुनिक संसाधनों का सहारा लेते हैं, वहीं ग्वालियर के लोग 'आसमानी बिजली' के स्वरूप की आराधना कर अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं। ग्वालियर के लक्ष्मीगंज स्थित तिघरा रोड पर बना माता आसमानी का प्राचीन मंदिर इन दिनों, नव दुर्गा पूजा में आस्था का केंद्र बना हुआ है।

कंस के हाथ से छूटी वही 'दिव्य कन्या' हैं माता: धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मंदिर में विराजमान माता आसमानी साक्षात आसमानी बिजली का स्वरूप हैं। मंदिर के पुजारी नवल माझी बताते हैं कि यह वही दिव्य कन्या हैं, जिनका जन्म माता देवकी की आठवीं संतान के रूप में हुआ था। जब अत्याचारी कंस ने इनका वध करना चाहा, तो वे उसके हाथों से फिसलकर आकाश की ओर चली गईं। 'पुरानी मान्यताओं के अनुसार, आकाश में विलीन होने वाली वही शक्ति आज आसमानी माता के रूप में पूजी जाती हैं। इनकी आराधना से न केवल मानसून समय पर आता है, बल्कि वज्रपात (बिजली गिरने) से भी जन-धन की रक्षा होती है।

100 वर्षों से जारी है परंपरा, आषाढ़ में लगता है मेला: लगभग 100 वर्ष पुराने इस मंदिर की सेवा नवल माझी का परिवार पिछली तीन पीढ़ियों से कर रहा है। देश भर में समय पर वर्षा हो और नदी-तालाब लबालब भर सकें यहाँ इसके लिए यहां आषाढ़ मास के प्रथम रविवार को माता की विशेष आराधना की जाती है। ग्वालियर का यह मंदिर सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ किसी एक जाति के लोग नहीं, बल्कि सभी समाज के लोग अपने-अपने विधान से पूजा करते हैं। आषाढ़ के पहले रविवार को यहाँ विशाल मेला लगता है, जिसमें देश-विदेश से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर पहुँचते हैं।

चमत्कारी कुंड में स्नान करने से दूर होते हैं रोग : मंदिर परिसर के समीप ही पहाड़ों के बीच से आने वाले पानी का एक प्राचीन कुंड स्थित है। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस कुंड में माता का विशेष प्रताप है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पहाड़ों से छनकर आने वाला यह जल औषधीय गुणों के साथ-साथ दैवीय शक्तियों से भी परिपूर्ण है। ग्वालियर की यह परंपरा दर्शाती है कि प्रकृति और ईश्वर का मेल ही जीवन का आधार है। भक्त यहाँ केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी पृथ्वी की प्यास बुझाने के लिए माता से गुहार लगाते हैं।

इनका कहना है...

कई असाध्य रोगों से ग्रसित लोग इस कुंड में स्नान करने के बाद लाभान्वित हुए हैं। मंदिर में हमारी तीसरी पीढ़ी पूजा कर रही है यहां नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।
नवल माझी, मंदिर पुजारी

मंदिर बहुत चमत्कारी है यहां आने से मन की मुराद पूरी हो जाती है मैं कई वर्षों से यहां मंदिर में पूजा करने आ रही हूं।
मालती, श्रद्धालु

विधायक सिकरवार ने वार्ड 60 में किया सी.सी. रोड का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22मार्च। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 60 शिव नगर में नवनिर्मित सड़क का विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने क्षेत्रीय पार्षद केदार बरहादिया एवं क्षेत्रीय जनता के साथ लोकार्पण किया। इस मौके पर क्षेत्रीय जनता द्वारा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं अन्य अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात् विधायक डॉ. सिकरवार ने क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्रीय नागरिकों की परेशानियां सुनी और तुरंत संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये।

सांतऊ धाम में 'शिव-पार्वती विवाह' उत्सव

अनमोल की अमृतवाणी पर झूमे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22मार्च। सांतऊ स्थित राजराजेश्वरी शक्तिपीठ (शीतला माता मंदिर) इन दिनों भक्ति के महाकुंभ का साक्षी बनी हुई है। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक अनमोल श्री ने जब 'शिव-पार्वती विवाह' का मर्मस्पर्शी प्रसंग सुनाया, तो समूचा पंडाल 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। जीव का परमात्मा से संगम व्यासपीठ से अपनी ओजस्वी वाणी में अनमोल श्री ने माता सती के आत्मदाह से लेकर माता पार्वती की कठोर तपस्या और महादेव के साथ उनके परिणय सूत्र में बंधने की कथा का विस्तार से वर्णन

किया। उन्होंने कहा, महादेव का विवाह केवल दो शरीरों का मिलन नहीं, बल्कि जीव का परमात्मा से मिलन है। शिव गृहस्थ होकर भी योगी हैं, और यही संतुलन हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। कथा के दौरान महादेव की दिव्य बारात और विवाह की नयनाभिराम सजीव झाँकियाँ निकाली गईं। भजनों की स्वर लहरियों पर हजारों श्रद्धालु सुध-बुध खोकर झूमने लगे। अनमोल श्री ने शिव चरित्र के माध्यम से समाज को धैर्य, संतोष और त्याग का संदेश दिया।

सम्बन्ध विच्छेद - आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा प्रार्थिनी श्रीमती कुसुम लता पत्नी स्व. श्री हरिमोहन निवासी - 169/1 बंशीपुरा, मुरार जिला ग्वालियर की निवासी हूँ। यह कि मेरा पुत्र राहुल भारती एवं उसकी पत्नी श्रीमती प्रिंसी वर्मा मुझे आये दिन मानसिक रुप से एवं शारीरिक रुप से प्रताडित करते रहते है एंव मेरे परिवारजन बहू बेटे को समझाने की कोशिश करते है तो बहू मुझे एवं मेरी पुत्री एंव दामाद को झूठे आरोप मे फसाने की धमकी देती है एवं बहू के माता पिता भी मुझे धमकी देते है कि तुझे जेल की चक्की पिसवा देगें। मेरा पुत्र राहुल भारती अपनी पत्नी श्री प्रिंस वर्मा के साथ झांसी मे रहकर नौकरी करता है। अतः मैं अपने पुत्र राहुल भारती और उसकी पत्नी प्रिंसी वर्मा के इन कृत्यों के कारण दुःखित होकर मै राहुल भारती और उसकी पत्नी प्रिंसी वर्मा से हमेशा हमेशा के लिये संबंध विच्छेद कर दिये है अपने परिवार सहित घर से पृथक कर अपनी चल अचत सम्पत्ति से हमेशा हमेशा के लिये बेदखल कर दिया है। व्यवहार की वजय से कठोर निर्णय लेने हेतु वाध्य होना पडा है। इस कारण मेरा पुत्र राहुल भारती और उसकी पत्नी प्रिसी वर्मा कोई भी किसी वित्तीय संस्थान से लेन देन व संव्यवहार या कोई आपराधिक कृत्य एवं ऐसा कृत्य जो विधि के प्रतिकूल हो करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी इन दोनो की स्वयं की होगी जिसमे मेरी एवं मेरे अन्य परिजनों का कोई संबंध अथवा जिम्मेदारी एवं सरोकार नही होगा । दिनांक - 21.03.2026

भवदीय
श्रीमती कुसुम लता पत्नी स्व. श्री हरिमोहन
निवासी - 169/1, बंशीपुरा, मुरार, जिला ग्वालियर म.प्र.
मो. 9399347387
द्वारा अभिभाषक - शैफाली पाण्डेय (नोटरी)
कार्यालय/निवास : सिंह पुर रोड़, एम.एच चौराहे के पास, मुरार, ग्वालियर म.प्र.

आगामी
ईस्टर
(5 अप्रैल) तथा
चैत्र नवरात्रि
(19 मार्च से)
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया
(20 अप्रैल) की
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकानाएं।

प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज

2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460

विधायक सिकरवार ने वार्ड 60 में किया सी.सी. रोड का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,22मार्च। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 60 शिव नगर में नवनिर्मित सड़क का विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने क्षेत्रीय पार्षद केदार बरहादिया एवं क्षेत्रीय जनता के साथ लोकार्पण किया। इस मौके पर क्षेत्रीय जनता द्वारा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं अन्य अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात् विधायक डॉ. सिकरवार ने क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्रीय नागरिकों की परेशानियां सुनी और तुरंत संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये।